**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 627**
**गुरूवार, 28 नवम्बर, 2024/ 7 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**जगदलपुर हवाई अड्डे से संचालित उड़ान**

**627. श्री महेश कश्यपः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने क्षेत्रीय संपर्क योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के जगदलपुर हवाई अड्डे से इंडिगो के वायुयानों का परिचालन बंद कर दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त वायुयानों का परिचालन कब तक पुनः शुरू होने की संभावना है;

(ग) उक्त हवाई अड्डे से किन-किन क्षेत्रों के लिए वायुयानों का परिचालन शुरू किए जाने की संभावना है; और

(घ) जगदलपुर हवाई अड्डे के विस्तार के संबंध में तैयार की गई कार्य योजना का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) से (ग) छत्तीसगढ़ सरकार के स्वामित्व वाले जगदलपुर हवाई अड्डे को क्षेत्रीय संपर्क योजना - उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) के तहत उड़ानों के प्रचालन के लिए चिह्नित किया गया है। हवाई अड्डे को उड़ान प्रचालनों को सुलभ बनाने के लिए विकसित किया गया था, और जगदलपुर को रायपुर और हैदराबाद से जोड़ने वाले आरसीएस मार्गों को एलाइंस एअर द्वारा दिनांक 21.09.2020 को सफलतापूर्वक शुरू किया गया था। एलाइंस एअर के तीन वर्ष के आरसीएस कार्यकाल के पूरा होने के बाद, इंडिगो ने इन मार्गों पर वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया है। इसके अतिरिक्त, एलाइंस एअर वाणिज्यिक आधार पर जगदलपुर-बिलासपुर मार्ग पर प्रचालन जारी रखे हुए है।

इसके अलावा, मार्च, 1994 में वायु नियम अधिनियम के निरस्त होने के साथ, भारतीय घरेलू विमानन क्षेत्र को विनियमन मुक्त कर दिया गया था। इसलिए, इस संबंध में मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुपालन के अध्यधीन यातायात की मांग और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर विशिष्ट स्थानों पर हवाई सेवाएं प्रदान करना एयरलाइनों पर निर्भर करता है।

(घ) नागर विमानन मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****